INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8th (3rd Lang)	Department: Hindi	Date :25/8/22
Worksheet No:3	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pls file in your portfolio

निर्देश- दिए गए अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

पुस्तकें हमारी मित्र हैं। वे ज्ञान का सागर होती हैं। उनमें अनेक बेशकीमती रत्न छिपे होते हैं।वे प्रेरणा का भंडार होती हैं।उन्हें पढ़कर जीवन में कुछ महान काम करने की प्रेरणा मिलती है। महात्मा गांधी को महान बनाने में पावन ग्रंथ 'गीता' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मैथिलीशरण गुप्त की 'भारत-भारती' पढ़कर कितने ही नौजवानों ने आज़ादी के आंदोलन में भाग लिया था। पुस्तकें ही आज की मानव सभ्यता के मूल में हैं। पुस्तकों के द्वारा एक पीढ़ी का ज्ञान दूसरी पीढ़ी तक पहुँचते-पहुँचते सारे युग में फ़ैल जाता है। पुस्तकें किसी भी विचार, संस्कार, या भावना के प्रचार का सबसे शक्तिशाली साधन है। तुलसीदास जी द्वारा रचित 'रामचरितमानस' ने तथा व्यासदेव जी द्वारा रचित 'महाभारत' ने अपने युग को तथा आने वाली मानवजाति को पूरी तरह से प्रभावित किया। पुस्तकें मानव के मनोरंजन में भी परम सहायक सिद्ध होती हैं। मनुष्य अपने एकांत क्षण को पुस्तकों के साथ बिता सकता है। किसी ने कहा है – पुस्तक एक जाग्रत देवता है। उनसे तत्काल वरदान प्राप्त किया जा सकता है।

प्रश्न 1 - ज्ञान का सागर किसे कहा गया है?

उ...

....

....

प्रश्न 2 - महात्मा गांधी के लिए 'गीता' किस प्रकार सहायक बनी?

उ...

....

....

प्रश्न 3 - 'भारत भारती' किस कवि की रचना है?इसका युवकों पर क्या प्रभाव पड़ा?

उ...

....

....

Prepared by – Ramkrishna- Hindi Department-ISWK

प्रश्न 4 - किन दो ग्रन्थों ने अपने युग को सबसे अधिक प्रभावित किया?

उ..

....

....

प्रश्न 5 - एकांत क्षण का साथी कौन हो सकता है?

उ..

....

....

प्रश्न 6 - गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए|

उ..

....

---------------000-------------